


### एक नजर में

#### भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंति मनाई



**पडाना 15 नवंबर, सं.** शनिवार को ग्राम पंचायत मऊ में धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के मौके पर चित्र पर माल्यार्पण कर उनके सम्पूर्ण योगदान को याद किया गया. जल, जंगल और ज़मीन की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासियों, शोषितों और वंचितों की आवाज बनकर विदेशी हुकूमत के खिलाफ अदम्य साहस से विद्रोह किया. जल, जंगल और ज़मीन की रक्षा के लिए आपका बलिदान अस्मिता के लिए आपका संघर्ष हम सभी को सच्चाई, न्याय और अधिकारों की राह पर चलने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा. इस मौके पर मऊ सरपंच रईस मंसूरी,पंचायत सचिव लाड़ सिंह जयस जिला प्रभारी दिनेश भिलाला, सिद्धू लाल मिस्त्री, सतीश भिलाला, अनिल भिलाला, रामबाबू भिलाला, रमेश चाचा, विक्रम ठाकुर, मांगीलाल भिलाला देवराज भिलाला पारस नायक शिव भिलाला आनंद भिलाला इत्यादि उपस्थित थे.

#### आजा कल्याण विभाग ने गौरव दिवस मनाया

**पडाना 15 नवंबर, सं.** समीप ग्राम मऊ में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी समाज के नायक भगवान बिरसा मुंडा जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया. एवं उनके जीवन और संघर्ष को याद कर कहां की बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा की. इस मौके पर मऊ पडाना आदिम जाति कल्याण विभाग अधीक्षक सहित सामाजिक बंधु उपस्थित होकर जिला स्तरीय कार्यक्रम मैं पहुंचा.

#### सेवानिवृत होने पर विद्यालय छात्र-छात्राओं को दो सेट आर्ची भेंट की



**पड़ाना 15 नवंबर, सं.** मऊ संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्यापक देवीसिंह चौहान का सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय परिवार द्वारा फूलमाला शाल श्रीफल भेंटकर विदाई दी. विदाई समारोह दौरान के पर मौके पर श्री चौहान ने शिक्षकों एवं छात्रों का आभार व्यक्त कर अपने अनुभव और यादें साझा कर कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह विद्यालय आगे भी छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान करता रहेगा. उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करता रहेगा. तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को खेलकूद सामग्री के रूप में दो सेट तीर कमान भेंट किये. इस मौके पर संस्था प्राचार्य शंकर लाल भारती, जावेद बैग मिर्जा, नीरज शर्मा, धर्मेंद्र भिलाला, रोशन वैष्णव, मनीष भिलाला, विजय मेरुडीया, योगेश सिसोदिया, विष्णु चौधरी, विनोद विश्वकर्मा, रामस्वरूप, स्वाति पुष्पद इत्यादि उपस्थित रहे.

# तलेन को कब मिलेगी 'उच्च शिक्षा की आजादी'

## 25 साल पहले जमीन तो मिली लेकिन उस पर इमारत देखने आंखें तरस गईं, उच्च शिक्षा के लिए परंपरा बना पलायन

**गलती सिर्फ इतनी कि हम 26 किमी शुजालपुर और 25 किमी पचोर के बीच मौजूद हैं**

**अवध उपाध्याय**
**नवभारत न्यूज**

**तलेन 15 नवंबर, सं.** देश आजाद हुआ और तलेन को स्कूल, थाना, अस्पताल, पंचायतें, परिषद सड़क, बिजली मिल गई. इन सब चीजों के बीच बच्चों को पढ़ाई की पूरी आजादी मिली लेकिन उच्च शिक्षा के लिए पलायन ही करना पड़ रहा है. तलेन नगर में आजादी के बाद से अभी तक सरकारी कॉलेज नहीं बन पाया. करीब 25 वर्ष पूर्व 3 हैक्टेयर जमीन का आवंटन किया गया था लेकिन उस जमीन पर कॉलेज का भवन देखने का सपना अधूरा ही है. मामले में नागरिकों, संगठनों ने कईं बाद अपनी मांग उठाई लेकिन बात दूसरी अन्य सुविधाओं के बीच गौंण हो गई.

एक बार फिर से विद्यार्थी जगत की ओर से मांग उठने लगी है. तलेन नगर जो कि अब विस्तार ले रहा है, साल दर साल 12 वीं पास करने वाले विद्यार्थियों का कुनबा भी तेजी से बढ़ रहा है. लेकिन उन सभी सैंकड़ों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की दहलीज चढ़ने के लिए पलायन ही करना पड़ रहा है.

### क्या पलायन के लिए टॉपर बन रहीं हमारी बेटियां



तलेन अंचल में पिछले दो बोर्ड परीक्षा परिणामों पर गौर किया जाए तो प्रदेश की मैरिट में यहां की बेटियों ने स्थान बनाया है. लेकिन इतनी मेहनत के बाद भी इन बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए पलायन करना पड़ रहा है. इनमें शासकीय कन्या हाई स्कूल तलेन का कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा 80 प्रति. रहा जिसमें प्रथम स्थान छात्रा हंस उमठ पिता महेंद्र सिंह 93.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान छात्र अनमोल विश्वकर्मा पिता सुरेश कुमार 89.4 प्रतिशत तृतीय स्थान सुमैया अंसारी पिता मेहमूद खां, निकिता रुहेला पिता गजराज सिंह 82.4 प्रतिशत ने प्राप्त किया. वहीं समीप के इकलेरा से कक्षा 12वीं में अंजलि राठौर 92, सलोनी सैनी 91.2, विकास प्रजापति 90.4, ज्योति प्रजापति ने 90, अंक प्राप्त किये. इसी प्रकार कक्षा दसवीं में प्रतिभा सोनी 95.2, बुलबुल शर्मा 94.2, राशि सैनी 93.8,नितिन अहिरवार 92.2 ,नीलम धनगर 91.2, साधना सिसोदिया 90.6 एवं अंशिका खीची ने 90 प्रति.अंक प्राप्त किये.

### दो निजी कॉलेज लेकिन परीक्षा सेंटर नहीं

तलेन नगर में वर्तमान में दो निजी कॉलेज संचालित हो रहे है. लेकिन इन कॉलेज में विद्यार्थी परीक्षा नहीं दे सकते क्योंकि परीक्षा सेंटर की यहां अनुमति नहीं है. ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए नरसिंहगढ़, पचोर या शुजालपुर जाना पड़ता है. कुल मिलाकर इन कॉलेज के होने के बाद भी विद्यार्थियों के सामने अंतिम रूप से कॉलेज की पूर्ण सुविधा का संकट बना हुआ है.

### ढाई दशक से भवन के इंतजार में 3 हैक्टेयर जमीन

वर्ष 2000 में तलेन के नागरिकों ने इस मांग को प्रबल तरीके से उठाया था. इसके बाद कलेक्टर द्वारा राजस्व खाते से वार्ड नंबर 4 के पास सर्वे नंबर 98/1 की कुल 3 हैक्टेयर जमीन का आवंटन किया था. कलेक्टर के प्रकरण 682/अ/59 के अंतर्गत दिनांक 28 फरवरी 2000 को यह जमीन बकायदा शासकीय कॉलेज के लिए आवंटित की जा चुकी है. लेकिन यह आवंटन 25 साल बाद भी खाली जमीन के रूम है. इस पर कॉलेज भवन नहीं बन पाया है. इस बीच सरकारें बनीं, अधिकारी आए और गए लेकिन कॉलेज नहीं बना.

### एक दर्जन स्कूल, एक हजार विद्यार्थी हर साल पास आउट

आवश्यकता के लिहाज से आंकड़ों पर गौर किया जाए तो तलेन नगर सहित आसपास के बड़े कस्बों जैसे इकलेरा इत्यादि में करीब एक दर्जन हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है. यहां से हर साल करीब एक हजार के आसपास विद्यार्थी 12 वीं की परीक्षा देते है और पास होकर निकलते है. इसी वर्ष मार्च 25 में 935 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में विभिन्न संकायों में भाग लिया था. ऐसे में यह औसत आंकड़ा एक महाविद्यालय को संचालित रखने के लिए काफी है.

### विधायक बोले, अब जल्द घोषणा करवाऊंगा



मैंने इस मामले में उच्च शिक्षा मंत्री से बात की है. उन्हें मांग पत्र सौंपा है और पूरी स्थिति से अवगत कराया है. इसमें सबसे बड़ी तकनीकि समस्या दूरी को लेकर है. तलेन शुजालपुर और पचोर से 30 किमी से कम दूरी पर है. ऐसे में यह महाविद्यालय स्थापना के लिए जरूरी शर्तों का उल्लंघन करता है. लेकिन भौगोलिक स्थिति से परे जाकर मैंने यूजीसी और उच्च शिक्षा मंत्री को यहां की प्रतिभाओं, वर्ष दर वर्ष बढ़ती संख्या, शहर के विस्तार और यहां शिक्षा को लेकर संभावनाओं पर बात की है. नागरिकों की मांग पूरी करने के लिए नियमों में शिथिलता रखते हुए मंजूरी दिलवाने की मांग की है. अब समय समीप है जल्द इसकी घोषणा करवाउंगा.

**मोहन शर्मा, विधायक नरसिंहगढ़**

हमने एक बार फिर से ज्ञापन कलेक्टर महोदय के नाम पर दिया है. यहां विद्यार्थियों को 12 वीं के बाद सोचना पड़ता है कि किस शहर के कॉलेज में दाखिला लें. कईं बार सीट नहीं होती तो वे भटकते है. यह प्रकिया हर साल हो रही है. जमीन है, विद्यार्थी है तो शासन को व्यवस्था करनी चाहिए.

**बादल यादव, छात्र नेता तलेन**

### बलात्कार के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 15 नवंबर, का.** थाना कालीपीठ पुलिस ने एक संवेदनशील प्रकरण में तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया. जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को एक महिला अपने पति के साथ थाना कालीपीठ पहुंची और एक लिखित आवेदन देकर बताया कि11 नवंबर की रात लगभग 2-3 बजे जब वह अपनी छोटी बच्ची के साथ घर के उसारे में सो रही थी, तभी गांव का धीरप पिता मोहरसिंह तंवर उसके पास आकर जबरन बलात्कार किया. महिला के चिल्लाने पर आरोपी वहां से भाग गया तथा जाते-जाते धमकी दी कि अगर घटना की जानकारी किसी को दी तो वह जान से मार देगा. पीडिता ने अपने पति के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई. थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 13 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम भीयापुरा से आरोपी धीरपसिंह पिता मोरसिंह तंवर को गिरफ्तार किया गया. आरोपी को विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक जीतेंद्र अजनारे,अरुण जाट, सउनि अशोक यादव, प्रधान आरक्षक हेमंत भार्गव, आरक्षक राहुल रजक, महिला आरक्षक काजल, सैनिक रईस खान, जगदीश दांगी की भूमिका सराहनीय रही.

## सेवा दिवस पर स्वेटर बांटे



**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 15 नवंबर, सं.** संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को सेवा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण किया गया. इस मौके पर बतौर अतिथि विधायक मोहन शर्मा मौजूद रहे. प्राचार्य बी डी सक्सेना ने जूनियर रेड क्रॉस के तत्वावधान में आयोजित सेवा दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी. पहले चरण में 100 स्वेटरों का वितरण हुआ. इस दौरान विधायक ने विद्यालय परिवार के इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना की. उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने एवं अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने का संदेश दिया. जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी नर्मदा प्रसाद करनोदिया ने संगठन के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी. वही विद्यार्थियों को रेड क्रॉस की प्रतिज्ञा भी दिलवाई. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत झवंर, पवन मेहता, अभिषेक गुप्ता, सरपंच शिव सिंह, सत्यम शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे. संचालन शिक्षिका उषा शर्मा, प्रीति सोनी ने किया.

### पनाली में शिवमहापुराण का समापन आज

**नवभारत न्यूज, करनवास 15 नवंबर, सं.** समीपस्थ ग्राम पनाली में बीते 12 नवंबर से जारी संगीतमय शिवमहापुराण का आज समापन होगा. धर्म गुरू और समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से की जा रही महापुराण कथा में सोमवार को महाप्रसादी वितरण किया जाएगा. कथा पंडित प्रकाश शर्मा रलायती बाडी द्वारा की जा रही है. साथ ही यज्ञाचार्य पंडित दिव्यानंद द्विवेदी बाडेश्वर धाम गाडाहेट भी कर रहे है. इसमें मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी की जा रही है. कथा दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक की जा रही है.

## बच्चों ने लगाए चाट और गोलगप्पे के स्टॉल

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 15 नवंबर, सं.** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन, 14 नवंबर, के अवसर पर मास्टरमाइंड स्कूल में बाल दिवस मनाया गया. इस दौरान बच्चों में उद्यमिता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाल मेले का आयोजन किया गया. बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में दर्जनों स्टॉल लगाए. इन स्टॉलों पर विद्यार्थियों ने स्वयं गोलगप्पे, चाट, जैसे विभिन्न व्यंजन तैयार किए और बेचे. कुछ स्टॉलों पर हाथ से बने शिल्प, कलाकृतियाँ और मनोरंजक गेम्स भी लगाए गए थे. नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं का प्रदर्शन भी किया गया.

## संयुक्त परिवारों के टूटने का कारण बन रही है आधुनिक जीवन शैली

**नवभारत न्यूजत**

**ब्यावरा 15 नवंबर, का.** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा में शनिवार को विद्या भारती के नेतृत्व में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नगर एवं आसपास की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर समाज, परिवार और राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा गुर्जर उपस्थित रहीं. वहीं विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य बबीता मिश्रा और वर्षा मंगल ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा शामिल रहीं. जिन्होंने सप्तशक्ति जागरण विषय पर प्रभावशाली संबोधन दिया. उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही महिलाएं शिक्षा, नीति, संस्कृति और परिवार को स्थिरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई हैं. प्राचार्य बबीता मिश्रा ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती व्यक्तिगत प्रवृत्तियों के कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं. ऐसे समय में परिवार को एकजुट रखने और बच्चों में सांस्कृतिक मूल्य स्थापित करने की जिम्मेदारी महिलाओं पर और अधिक बढ़ जाती है. कार्यक्रम में महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें वेद, पुराण, रामायण और महाभारत से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गए. संचालन प्रीति गौतम ने कुशलता से किया और अंत में वर्षा मंगल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया.

### भाजपा ने बिहार जीत का जश्न मनाया

**झाडला 15 नवंबर, सं.** भारतीय जनता पार्टी मंडल झाडला द्वारा बिहार में भाजपा और गठबधन की प्रचंड जीत पर जश्न मनाया गया. जिसमें भारतीय जनता पार्टी के झाडला मंडल अध्यक्ष रवि देरवाल ने कहा यह जीत बिहार की नहीं संपूर्ण देश वाशियो की जीत है. बिहार की जनता ने भाजपा फिर भरोसा जताया है वह पार्टी पूरा करेंगी. इस अवसर पर आतिशबाजी की गई और जय भाजपा विजय भाजपा के नारे लगाए. इस अवसर पर पार्टी के डॉ गोपाल भिलाला, मलखान देरवाल, नीरज मीणा सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे.

## शांतिधाम रोड पर शिफ्ट होंगी पत्थरपीठा की दुकानें

### 4 करोड़ की लागत से बनने वाले कॉम्प्लेक्स के चलते लिया निर्णय, 144 दुकानें बनेंगी

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 15 नवंबर, सं.** पत्थर पीठा बाजार में बनने वाले शॉपिंग कॉम्पलेक्स के कारण वर्षों से संचालित अस्थायी दुकानों को हटाकर शांति धाम मार्ग पर शिफ्ट किया जाएगा. शुक्रवार को विधायक मोहन शर्मा ने नगर पालिका टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर नए स्थान का चयन किया. करीब 4.54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस कॉम्पलेक्स में



144 दुकानें, नाला, सीसी रोड, पब्लिक टॉयलेट, ड्रेनेज, फुटपाथ, पेवर ब्लॉक और लाइटिंग सहित सभी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी. विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पुराने दुकानदारों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है. वहीं सीएमओ अभिषेक जैन ने बताया कि कॉम्पलेक्स निर्माण शुरू होते ही क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और सुविधाएं बेहतर होंगी.



## गणेश चौक पर होगी अष्टमुखी शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

### गणेश चौक मुक्ति धाम मार्ग पर अष्टमुखी शिव मंदिर का भूमि पूजन, जल्द शुरू होगा भव्य निर्माण

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 नवंबर, का. गणेश चौक मुक्ति धाम मार्ग पर प्रस्तावित अष्टमुखी शिव परिवार मंदिर के भूमि पूजन समारोह का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के माहौल में सम्पन्न हुआ. धार्मिक ध्वनियों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नगर में भव्य मंदिर निर्माण की दिशा में यह पहला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.**

भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर के कई प्रमुख सामाजिक व धार्मिक पदाधिकारी मौजूद रहे. नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, हिंदू चेतना मंच के अध्यक्ष बृजमोहन सरावत, समाजसेवी अनिल वाल्मीकि, सुधीर वर्मा, राहुल जोशी और सतीश बाथम सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पूजा-अर्चना कर विधिवत भूमि पूजन किया. इसी दौरान शिव ध्वजा को ऊंचा लहराते हुए आगामी मंदिर निर्माण की शुभ शुरुआत की गई.

स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अष्टमुखी शिव परिवार मंदिर का निर्माण नगर के धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त करेगा. मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि बहुत जल्द विशाल और भव्य मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें शिव परिवार की भव्य प्रतिमाएं और आकर्षक स्थापत्य शामिल होगा.

इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिव परिवार के प्रति आस्था व्यक्त की. आने वाले समय में यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि नगर के सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

**पहल** ग्रामीण बैंक प्रबंधक व समाजसेवियों ने मिलकर आशाधाम वृद्धाश्रम में लगाई एलईडी

## मनोरंजन स्वस्थ रखता है, वृद्धाश्रम को एलईडी भेंट की

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 नवंबर, का.** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राजगढ़ जिले की प्रेरणा से जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित आशा धाम वृद्धाश्रम में एक बड़ी एलईडी लगाई गई. यह एलईडी मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक राजेश रघुवंशी तथा समाजसेवी अज्जू द्वारा संयुक्त रूप से दान की गई. जिससे आश्रम में निवासरत बुजुर्गों के दैनिक जीवन में नई सुविधा और खुशी जुड़ गई है.

दानकर्ताओं ने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिक परिवार से दूर रहते हैं. इसलिए उनके लिए स्वस्थ



वातावरण, मनोरंजन और जानकारी का नियमित साधन उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है.

इस सोच के साथ उन्होंने एलईडी भेंट कर सामाजिक दायित्व निभाने का प्रयास किया है. एलईडी लगने से अब वृद्धजन समाचार, आध्यात्मिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा मनोरंजनात्मक प्रसारण आसानी से देख सकेंगे. कार्यक्रम के दौरान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने दानकर्ताओं का सम्मान कर उन्हें समाजसेवा के लिए प्रेरणादायी बताया. उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी लगातार मानव सेवा के कार्यों में संलग्न है और ऐसे सहयोग समाज को संवेदनशील बनाते हैं.

उन्होंने कहा कि आशा धाम में आने वाले दिनों में और भी सुविधाएँ बढ़ाई जाएँगी, ताकि बुजुर्गों को परिवार जैसा वातावरण मिल सके. इस मौके पर रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा, समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह हाड़ा, समाजसेवी विकास मेवाड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे. सभी ने कहा कि समाजसेवा के कार्य केवल सरकारी स्तर पर नहीं, बल्कि जनसहयोग से ही सफल हो पाते हैं. कार्यक्रम के अंत में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी एलईडी प्रदान करने वाले दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सुविधा से उन्हें सुकून और सकारात्मकता का अनुभव होगा. रेडक्रॉस सोसायटी ने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया.